# Report

धनबाद, 21 जुलाई 2026

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारू (राज्य मंत्री दर्जा) ने अपने पूर्वी सिंहभूम, बोकारो एवं धनबाद जिला भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गुरु नानक कॉलेज, धनबाद का भ्रमण किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला कल्याण पदाधिकारी (DWO), अंचल अधिकारी (CO) एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता (LRDC) भी उपस्थित रहे।

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद पहुँचने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा माननीय उपाध्यक्ष का गर्मजोशी एवं सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चहल, सचिव सरदार मनजीत सिंह सलूजा, खालसा स्कूल के सचिव सरदार हरविंदर सिंह, प्राचार्या डॉ. रंजना दास, महाविद्यालय के संकाय सदस्यगण तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

भ्रमण के दौरान माननीय उपाध्यक्ष ने महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक विस्तृत बैठक की, जिसमें संस्थान के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई जो वर्तमान में इसकी प्रगति में बाधक बन रही हैं। वर्ष 1970 से समाज के शैक्षिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे गुरु नानक कॉलेज से जुड़े कुछ भूमि संबंधी विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

महाविद्यालय प्रशासन ने संस्थान के शैक्षणिक विस्तार, आधारभूत संरचना के विकास तथा भविष्य की योजनाओं से संबंधित अपनी अपेक्षाओं एवं चुनौतियों को माननीय उपाध्यक्ष के समक्ष रखा। उन्होंने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं जनहित में संचालित इसकी शैक्षिक गतिविधियों के लिए हरसंभव सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया।

माननीय उपाध्यक्ष ने गुरु नानक कॉलेज द्वारा विगत पाँच दशकों से समाज को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की परंपरा की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान भविष्य में भी क्षेत्र के शैक्षिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

यह भ्रमण एवं संवाद गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के विकास की दिशा में एक सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**Press Release**

दैनिक भास्कर धनबाद 22-07-2026

# जीएन कॉलेज : विकास के मुद्दों की झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने की समीक्षा




धनबाद | झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के भ्रमण के क्रम में गुरु नानक कॉलेज, धनबाद का दौरा किया। कॉलेज में अध्यक्ष आर. एस. चहल, सचिव मनजीत सिंह सलूजा और प्राचार्या रंजना दास ने उनका स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में संस्थान के शैक्षणिक विस्तार, आधारभूत संरचना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। कॉलेज की प्रगति में बाधाएं, खासकर कुछ भूमि संबंधी मुद्दों पर भी विमर्श किया गया। कॉलेज प्रशासन की अपेक्षाएं और चुनौतियों को उपाध्यक्ष ने गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीएन कॉलेज की शिक्षा परंपरा सराहनीय है और संस्थान के सर्वांगीण विकास के साथ जनहित में चल रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

# बीबीएमकेयू : यूजी नामांकन की तिथि बढ़ेगी

**धनबाद।** बीबीएमकेयू के धनबाद-बोकारो के डिग्री कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। कम नामांकन को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नामांकन की तिथि बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। संभावना है कि पहली चयन सूची में चयनित छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। बुधवार को अधिसूचना जारी हो सकती है।




गुरुनानक कॉलेज प्रबंधन के साथ बैठक करते ज्योति सिंह मथारू।

# गुरुनानक कॉलेज पहुंचे ज्योति सिंह मथारू

**धनबाद।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू (राज्य मंत्री दर्जा) ने मंगलवार को गुरुनानक कॉलेज धनबाद का भ्रमण किया। मथारू ने कॉलेज प्रबंधन के साथ बैठक की। संस्थान के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन समस्याओं पर चर्चा की गई, जो वर्तमान में इसकी प्रगति में बाधक बन रही हैं। कॉलेज ने शैक्षणिक विस्तार, आधारभूत संरचना के विकास तथा भविष्य की योजनाओं से संबंधित अपनी अपेक्षाओं एवं चुनौतियों को उपाध्यक्ष के समक्ष रखा। उन्होंने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कॉलेज अध्यक्ष आरएस चहल आदि मौजूद थे।

# अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**धनबाद.** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) ज्योति सिंह मथारु ने मंगलवार को गुरुनानक कॉलेज का निरीक्षण किया. महाविद्यालय प्रशासन ने विकास कार्यों में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया. उपाध्यक्ष ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए कॉलेज के विकास और जनहित में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. अध्यक्ष सरदार आरएस चहल, सचिव सरदार मनजीत सिंह सलूजा, खालसा स्कूल के सचिव सरदार हरविंदर सिंह, प्राचार्या डॉ रंजना दास, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया. उनके साथ जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता भी मौजूद थे.

## वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहे प्रमाण पत्रों की सूची होगी जारी

**धनबाद.** जिले के निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार (आरटीइ) अधिनियम के तहत बीपीएल कोटे से नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की से अधिक आवेदन के प्रमाण पत्रों का वेरिफिकेशन अलग-अलग कारणों से नहीं हो पाया है. ऐसे में जिला शिक्षा विभाग की ओर से इसकी सू...

प्रभात खबर
Wednesday, July 22, 2026
Dhanbad-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/6a5fe0dbcb7f4cbf10fd9b29

www.jagran.com

**समाचार सार**

# आयोग के उपाध्यक्ष मथारू जीएन कालेज पहुंचे



जीएन कालेज का भ्रमण करते अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष • सौजन्य :कालेज

**जागरण संवाददाता, धनबाद :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू मंगलवार को जिला भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु नानक कालेज पहुंचे। जिला कल्याण पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी रामप्रवेश कुमार एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता रामनारायण खलखो उनके साथ थे। गुरु नानक कालेज पहुंचने पर महाविद्यालय के अध्यक्ष सरदार राजिंदर सिंह चहल, सचिव मनजीत सिंह सलूजा, खालसा स्कूल के सचिव हरविंदर सिंह, प्राचार्या डा. रंजना दास, संकाय सदस्यों ने स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। संस्थान के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं पर चर्चा की गई। महाविद्यालय प्रशासन ने संस्थान के शैक्षणिक विस्तार आदि मुद्दे रखे।